# बीच-बाजार महिला के साथ मारपीट के वायरल वीडियो से मचा बवाल

## जिले के बहरी थाना अंतर्गत बाजार की घटना, पीड़िता की शिकायत पर मारपीट करने वाले आरोपी यूट्यूबर के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 फरवरी। सीधी जिले के बहरी बाजार में एक महिला के साथ यूट्यूबर द्वारा मारपीट और अभद्र व्यवहार के वायरल वीडियो को लेकर राजनैतिक गलियारों में बबाल मच गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर यूट्यूबर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना आज रविवार सुबह की है।**

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता हेमा सिंह पत्नी रघुवंश प्रताप सिंह भनवार निवासी हैं। हेमा सिंह बहरी बाजार में गुमठी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। उनका आरोप है कि कुछ दिन पहले आरोपी



संतोष पाठक ने रात में उनकी गुमठी और ठेला गायब करवा दिया था। पीड़िता हेमा सिंह ने पहले भी इस मामले में बहरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन ठेला न बरामद हुआ और न कोई ठोस कार्रवाई हुई। रविवार सुबह करीब 10 बजे बाजार में दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया।

वायरल वीडियो में महिला ने आरोपी संतोष पाठक को चप्पल से मारने का प्रयास किया, इसके बाद आरोपी ने भी लाठी-डंडों और मुक्कों से महिला पर हमला किया। दिनदहाड़े बाजार में हुई इस घटना को देखकर आसपास मौजूद लोग हैरान रह गए। किसी ने पूरी घटना अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया।

### मारपीट का वीडियो वायरल

आरोपी द्वारा महिला के साथ लाठी से मारपीट का वीडियो वायरल हो गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना रविवार सुबह की है। महिला ने आरोपी को पहले चप्पल मारने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी ने महिला को जमीन पर गिराकर डंडे से मारपीट की। महिला ने आरोपी के खिलाफ मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

### भाजपा के महिला सम्मान के दावों पर करारा तमाचा है : ज्ञान



जिला कांग्रेस कमेटी सीधी जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि हमारे सीधी जिले की सिहावल विधानसभा के ग्राम बहरी में भाजपा नेता संतोष पाठक द्वारा सरेआम एक महिला के साथ मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। एक तरफ भाजपा वोट बटोरने के लिए महिलाओं को लाड़ली बहना कहकर प्रचार करती है और दूसरी तरफ महिला सम्मान की सच्चाई ऐसे सरेआम सामने आ रही है। यह घटना एक महिला पर हमला नही, भाजपा के महिला सम्मान के दावों पर करारा तमाचा है।

### महिलाओं के साथ हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता : कमलेश्वर



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि सीधी जिले के बहरी थाना क्षेत्र से सामने आया एक वीडियो बेहद चिंताजनक और पीड़ादायक है, जिसमें एक महिला के साथ की गई मारपीट समाज और कानून दोनों के लिए अस्वीकार्य है। किसी भी परिस्थिति में महिलाओं के साथ हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए, कम है। परंतु यह भी गंभीर चिंता का विषय है कि यह विवाद पिछले तीन महीनों से चल रहा था और पीड़ित परिवार द्वारा एसडीएम, तहसीलदार और थाना स्तर तक लगातार आवेदन देने के बावजूद समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप किया होता, तो स्थिति यहां तक नहीं पहुंचती। श्री पटेल ने कहा कि यह भी आरोप सामने आए हैं कि पुलिस संरक्षण में संबंधित महिला के पति को उनकी आजीविका के स्थान से हटाया गया और उसी स्थान पर मारपीट करने वाले व्यक्ति की दुकान स्थापित कराई गई। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल हटाकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। यदि न्याय नहीं मिला, तो जनभावनाओं के अनुरूप लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने अंत में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही पर कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### इनका कहना है

महिला की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**राजेश पाण्डेय**
**थाना प्रभारी थाना बहरी**

# वैश्य महासम्मेलन मप्र जिला इकाई सीधी के तत्वावधान में रक्तदान

## पुण्यस्मृति में रक्तदान व फल वितरण, जिला अस्पताल में उमड़ा सेवा भाव

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 फरवरी। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश युवा इकाई सीधी द्वारा शनिवार को जिला अस्पताल सीधी में स्व.नारायण प्रसाद गुप्ता नाना जी की पुण्यस्मृति में रक्तदान शिविर का बृहद आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर मानवीय सेवा का संदेश दिया गया।**



रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़.चढ़कर सहभागिता निभाई। प्रखर गुप्ता, खुशबू गुप्ता, उमा यादव, सुरेन्द्र पाठक एवं राजेश गुप्ता ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भोला प्रसाद गुप्ता, प्रदेश मंत्री दिनेश गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष पूनम सोनी, जिला अध्यक्ष शंखधर गुप्ता, जिला प्रभारी गोपाल गुप्ता व ओमता सोनी, संभागीय सदस्य आलोक केशरी, महिला इकाई अध्यक्ष जगदम्बा सोनी, तहसील अध्यक्ष महेन्द्र सराफ, उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता तथा महामंत्री सुनील गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके अलावा अमित जायसवाल, सविता सोनी, अनूप गुप्ता, उमा शंकर गुप्ता, प्रेमलाल जायसवाल, रीता कचेर, उमा सोनी, नम्रता सोनी, रमेश गुप्ता, गायत्री गुप्ता, रिंकू गुप्ता, विपिन गुप्ता, सुभाष गुप्ता, विकास गुप्ता, विक्रम गुप्ता, अनुराग गुप्ता, उमेश कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने रक्तदान को महादान बताते हुए समाज को सेवा, संवेदना और एकजुटता का संदेश दिया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने निकाली पेंशन रैली, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 फरवरी। स्थानीय वीथिका भवन में आज आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के प्रांतीय आह्वान, प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के निर्देश, हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष के अध्यक्षता नेतृत्व तथा विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष के विशेष आतिथ्य में पेंशन रैली का आयोजन किया गया।**



जिसमें पुरानी पेंशन बहाल करने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवावधि की गणना करते हुए अवकाशों की नगरीकरण का लाभ दिलाए जाने, कर्मचारियों को हेल्थ केयर कैशलेस कार्ड योजना लागू करने, गुरुजी की प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने, छूटे हुए अध्यापक संवर्ग को राज्य शिक्षा सेवा में संविलियन एवं जिनकी क्रमोन्नति आदेश जारी नहीं हुए हैं जारी करने, नवनियुक्त शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से 100 प्रतिशत वेतन दिए जाने, अतिथि शिक्षकों को नियमित करते हुए नियमित शिक्षकों की भांति अवकाश चिकित्सा बीमा आदि की सुविधा प्रदान करने, रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिनों में प्रशिक्षण बैठक एवं अन्य शासकीय कार्य से शिक्षकों को मुक्त रखे जाने, 5 वर्ष या इससे ज्यादा अवधि से कार्यरत अंग्रेजी गणित एवं विज्ञान विषय के बीएससी एवं जन शिक्षकों को अध्यापन कार्य हेतु मूल पदांकित शाला के लिए कार्य मुक्त किया जाने इत्यादि मांगों को लेकर वीथिका भवन से सर्किट हाउस तक रैली निकालकर ज्ञापन मांग पत्र पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक तत्पश्चात कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा गया। इसके पूर्व कार्यक्रम में आए जिले भर के शिक्षकों को हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करने, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को प्रमुखता से रखते हुए एक जुट होकर शासन की दमनकारी नीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया।



# अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रयागराज ने मारी बाजी, देहरादून रही उपविजेता

नवभारत न्यूज

**मझौली 8 फरवरी। जिले के मझौली जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत नौढ़िया शिकारगाह में फ्रेंड्स कप अखिल भारती दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में देश की 6 टीमो ने भाग लिया। जहां जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पुाइनल में प्रयागराज एवं देहरादून के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जहां प्रयागराज की टीम कड़े मुकाबले में देहरादून को पराजित कर फ्रेंड्स कप अपने नाम कर लिया।**

इसी रोमांचक मुकाबले के साथ प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक समापन क्षेत्रीय विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। बताते चलें कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 फरवरी को ब्यौहारी विधायक शरद कोल के मुख्य आतिथ्य हुआ था। सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबला 7 फरवरी को धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच नौढ़िया सरिता शुक्ला की अध्यक्षता में खेला गया। इस अवसर पर विजेता प्रयागराज एवं उपविजेता देहरादून की टीम को कप के साथ नगद राशि से अतिथियों के हाथों पुरस्कृत कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें गर्व हो रहा है कि हमारे क्षेत्र में खेल स्पर्धा बड़ी तेजी से बढ़ रहा है, खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि मानसिक विकास एवं चेतना भी बढ़ती है। ऐसे आयोजनों से हमारे क्षेत्र के युवाओं को एक अच्छी सीख मिल रही है। आयोजन के लिए आयोजक मंडली को धन्यवाद दिये। दो दिवसीय इस फ्रेंड्स कप अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पूर्व राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य केके तिवारी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कुसमी श्यामवती सिंह, डॉ.अजय मिश्रा सीधी, इंद्रबली सिंह, रामनरेश सोनी, नागेन्द्र सिंह कन्हाई मझौली, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व जिला मंत्री भाजपा व पूर्व नगर अध्यक्ष मझौली लवकेश सिंह गहरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मझौली एड.प्रवीण तिवारी, डॉ.मनोज कोल, डांगा सरपंच एड.अखिलेश जायसवाल, टीआई मझौली उप निरीक्षक विशाल शर्मा, डीपीसी सीधी विनय मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी अधिवक्ता संतोष शुक्ला, जनपद सदस्य राममिलन वर्मा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मझौली राजाराम सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मझौली अतुल सिंह इत्यादि के साथ क्षेत्र के वरिष्ठ जन एवं लोग उपस्थित रहे।

# वैश्विक स्तर पर मंडरा रहे जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने निकाली गई रैली

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 फरवरी। ऋषिकेश फाउंडेशन की बाल टोली मोगली पलटन द्वारा आज 8 फरवरी को ठंड और शीतलहर के बीच अपनी आठवीं मासिक कछुआ चाल साइकिल रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। गाय है तो गांव है के संकल्प के साथ निकाली गई इस रैली ने यह संदेश प्रसारित किया कि वैश्विक स्तर पर मंडरा रहे जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने में गाय और ग्रामीण संस्कृति का संरक्षण एक अचूक अस्त्र साबित हो सकता है।**



रैली का शुभारंभ सीधी जिले के ग्राम हनुमानगढ़ स्थित स्व.चन्द्र प्रताप तिवारी स्मारक स्थल से हुआ, जहां से नन्हे-मुन्ने बच्चों का काफिला गांव की मुख्य सड़कों से होता हुआ दूसरे छोर तक पहुंचा। ठंड के बावजूद बच्चों की ऊर्जा और संकल्प देखते ही बनता था उनके द्वारा लगाए जा रहे गौ-उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण के नारों ने पूरी ठिठुरन को उत्साह में बदल दिया। इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि बच्चों द्वारा इस गंभीर विषय को उठाना है जो यह दर्शाता है कि भविष्य की पीढ़ी जलवायु संतुलन के प्रति आज के वयस्कों से कहीं अधिक सजग है। रैली को कछुआ चाल नाम देने के पीछे फाउंडेशन का उद्देश्य सतत विकास की उस अवधारणा को पुनर्जीवित करना है जहां विकास की गति कछुए की भांति संयमित, स्थिर और प्रकृति के अनुकूल हो, न कि विनाशकारी हड़बड़ी वाली। विशेषज्ञों का मानना है कि गाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी तंत्र के केन्द्र में है गाय के उत्पादों जैसे गोबर और गौमूत्र के प्रयोग से न केवल जैविक खेती को बढ़ावा मिलता है बल्कि यह मिट्टी की उर्वरता बढ़ाकर कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी सहायक है।

इस प्रकार गाय का संरक्षण सीधे तौर पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। रैली के माध्यम से स्पष्ट किया गया कि गौवंश आधारित अर्थव्यवस्था से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित होते हैं बल्कि यह एक ऐसी जीवनशैली को जन्म देती है जो पूरी तरह प्रदूषण मुक्त और टिकाऊ है। ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा हर माह के दूसरे रविवार को आयोजित की जाने वाली यह सातवीं कड़ी अब एक व्यापक सामाजिक चेतना का रूप ले चुकी है जो आधुनिक विकास की अंधी दौड़ के बीच प्रकृति और परंपरा के संतुलन का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

## विस क्षेत्र के लिये राजेश कुमार शुक्ला नोडल नियुक्त

**सीधी 8 फरवरी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर फरवरी-मार्च 2026 में आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र के दृष्टिगत विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में तैयार कर प्रेषित करने हेतु संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार शुक्ला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेशानुसार विस सत्र अवधि में प्रशासनिक कार्यों की सुविधा एवं त्वरित निष्पादन के लिए अवकाश दिवसों में भी समस्त कार्यालय खुले रहेंगे। कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि विस प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में भेजने हेतु आवश्यकतानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करें।

# जिला टास्क फोर्स की सख्ती जारी, चुरहट-रामपुर नैकिन क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 फरवरी। जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में, उपखंड मजिस्ट्रेट चुरहट शैलेश द्विवेदी एवं जिला खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में संयुक्त खनिज-राजस्व दल द्वारा तहसील चुरहट एवं रामपुर नैकिन के अंतर्गत अकौरी, तरिहा, हनुमानगढ़ सहित सोन नदी से लगे विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया।**



जांच के दौरान बघवार क्षेत्र में खनिज रेत का अनाधिकृत परिवहन करते पाए गए वाहन क्रमांक एमपी 07 एचबी 4258, एमपी 17 जेडएन 5161, एमपी 19 एचए 7389 एवं यूपी 91 टी 4532 को नियमानुसार मय खनिज जब्त कर सुरक्षार्थ थाना रामपुर नैकिन एवं पिपरांव चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्रवाई तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा एवं खनि निरीक्षक शिशिर यादव के नेतृत्व में की गई। इसी क्रम में उपखंड मजिस्ट्रेट कुसमी विकास आनंद के मार्गदर्शन तथा तहसीलदार कुसमी नारायण सिंह के नेतृत्व में राजस्व दल द्वारा एक मिनी ट्रक को खनिज रेत के ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

जब्त समस्त वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश अवैध खनिज (उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा जिला टास्क फोर्स की दैनिक कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है बजट : राधा सिंह

## केन्द्रीय बजट को लेकर भाजपा ने स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित की पत्रकार वार्ता

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जो बजट पेश किया है वह न केवल आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है बल्कि यह नई दिशा में देश को अग्रसर करेगा। प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है और इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं जिनसे महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त होंगी।**



उक्त आशय के विचार भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित केन्द्रीय बजट को लेकर संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश सरकार की पंचायत एवं ग्रामीण राज्य विकास मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ.अनिल पटेल, जिला उपाध्यक्ष और बजट टोली के जिला संयोजक विश्वबंधु धर द्विवेदी, अशोक पटेल, मनीला सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्रमणि दुबे की विशिष्ट उपस्थिति में कही। मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि 2014 के बाद देश में टैक्स देने की मानसिकता का एक बड़ा बदलाव आया है और आज लोग टैक्स बचाने के बजाय, इसे ईमानदारी से चुकता करना चाहते हैं, यह मोदी सरकार का एक महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश की कमान संभाली, तब भारत 11वें नंबर की इकोनॉमी था। मोदी सरकार ने टैक्स स्लैब में सुधार किया, पेनल्टी और सजा को कम किया, जिससे टैक्सपेयर को सुविधा मिली और देश का राजस्व कलेक्शन भी बढ़ा। अब देशभर में टैक्स चुकाने का माहौल बन चुका है और लोग टैक्स बचाने के बजाय ईमानदारी से टैक्स देने के लिए तत्पर हैं। अगर आजादी के बाद यह बदलाव समय रहते होता, तो हम आज अमेरिका और चीन से बहुत आगे होते।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने बजट की खूबियों को बताते हुए कहा कि अब हम 4 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी तक पहुंच गए हैं, जबकि अमेरिका और चीन 18 से 20 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी पर पहुंच चुके हैं। आने वाले वर्षों में भारत की इकोनॉमी दुनिया में सबसे मजबूत और प्रभावी होगी और इसका श्रेय मोदी सरकार की दूरदर्शिता और सुधारवादी नीतियों को जाता है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत अब ऐसी दिशा में आगे बढ़ रहा हैए जहां आने वाले समय में भारत की इकोनॉमी दुनिया में सबसे मजबूत होगी। अमेरिका ने जब सभी देशों पर टैरिफ लगायाए तो चीन ने रेयर अर्थ की सप्लाई बंद कर दी और पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया। लेकिन भारत सरकार ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए पहली बार रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत हर क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन पर जोर देगा ताकि चीन और अन्य देशों पर निर्भरता कम हो सके और भारतीय निर्यात में वृद्धि हो। मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि भारत के पर्यटन क्षेत्र में बौद्ध सर्किट के निर्माण से बड़ा बदलाव आने वाला है जो न केवल आंतरिक बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बनेगा। भारत का रक्षा बजट इस साल 15 प्रतिशत बढ़ा है। यह हमारी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक अहम कदम है। सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल मिशन के माध्यम से भारतीय खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल को साबित करने का अवसर मिलेगाए इससे भारत में खेलों को एक नया मुकाम मिलेगा और हमारी युवा पीढ़ी को इससे लाभ होगा।

पत्रकार वार्ता का संचालन और आभार प्रदर्शन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी और बजट टोली के सहसंयोजक सुरेंद्र मणि दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, महिला मोर्चा महामंत्री विभा शर्मा सहित प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और वेब मीडिया के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### आने वाले समय में भारत की इकोनॉमी होगी सबसे बेहतर : देव कुमार

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारत की इकोनॉमी आने वाले समय में दुनिया में सबसे मजबूत और सबसे बेहतर होगी। यह बजट उस संकल्प को दर्शाता है, जिसमें न केवल महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित किया गया है बल्कि समग्र रूप से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई दूरगामी कदम उठाए गए हैं।

### विकसित भारत के संकल्प को दर्शाता है बजट : रीती

पूर्व सांसद और सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने बजट की शानदार तारीफकरते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 विकसित भारत के संकल्प को दर्शाता है। बजट में विधायक श्रीमती रीती पाठक ने विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट करार दिया।